Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 22 / 07 / 2022

**प्रकाशनार्थ**

**गोरखपुर। वाणिज्य संकाय के 12 विद्यार्थियों को नोटिस**

बीकॉम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस) के छात्रों द्वारा फीस के मुद्दे पर बार–बार प्रदर्शन करने के मामले को विश्वविद्यालय प्रशासन अत्यंत गंभीरता से लिया है।प्रदर्शन में शामिल 12 छात्रों को संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय प्रो. बीएन पांडे द्वारा अनुशासनहीनता के लिए नोटिस दिया जा रहा है। यह नोटिस छात्रों के अभिभावकों को भेजा जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन पिछले छह–सात महीने से इन छात्रों को समझाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यह छात्र विश्वविद्यालय प्रशासन की बात को नहीं समझ रहे। बीकॉम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस) स्ववित्तपोषित कार्यक्रम है तथा इस कार्यक्रम के छात्रों से वही फीस ली जा रही है जो विश्वविद्यालय की कार्य परिषद, विद्या परिषद तथा वित्त समिति से पास है। संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय ने साफ किया है कि उन छात्रों को ही परीक्षा देने के अनुमति दी जाएगी जो पूर्व निर्धारित फीस जमा करेंगे। कल से विश्वविद्यालय प्रशासन विलंब शुल्क के साथ शुल्क जमा करने के लिए अपना पोर्टल तीन दिन के लिए खोलेगा। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करेंगे उन्हें एग्जाम में बैठने का मौका नहीं मिलेगा और उन्हें इस कोर्स को छोड़ना पड़ेगा। यह कोर्स छात्रों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। इस कोर्स में प्रवेश के लिए पिछले वर्ष करीब 3000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। कोर्स की मांग को देखते हुये 60 छात्रों का एक सेक्शन और शुरू करने का फैसला लिया है। कोर्स के सुचारू संचालन के लिए प्रो संजय बैजल को नया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur